ज्ञान शांति मैत्री

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

(नैक द्वारा 'ए' ग्रेड प्रमाणित)

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र)
website: hindivishwa.org


# कार्यवृत्त

## विद्या-परिषद की 27वीं बैठक

दिनांक : 27 जनवरी, 2018 (शनिवार)

समय : अपराह्न 02:00 बजे

स्थान : संगोष्ठी कक्ष, साहित्य विद्यापीठ
विश्वविद्यालय परिसर, वर्धा



विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों की झलक

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

## विद्या–परिषद की 27वीं बैठक

| | | |
|---|---|---|
| **स्थान** | : | **संगोष्ठी कक्ष (संख्या–130)**<br>**साहित्य विद्यापीठ**<br>**विश्वविद्यालय परिसर, वर्धा** |
| **दिनांक** | : | **27 जनवरी, 2018 (शनिवार)** |
| **समय** | : | **अपराह्न 2:00 बजे** |

## विषयसूची


| मद सं. | विवरण | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| * | नए सदस्यों का नामांकन एवं स्वागत | 1–2 |
| 1 | 26वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि | 3 |
| 2 | 26वीं बैठक के कार्यवृत्त के अनुसरण में की गई अनुवर्ती कार्रवाई | |
| 3 | श्री मुन्ना कुमार, पूर्व छात्र एम.फिल. कम्प्यूटेशनल भाषाविज्ञान पाठ्यक्रम के निष्कासन संदर्भित अपील पर विचार | 4 |
| 4 | बी.ए.–एम.ए. एकीकृत (मानवविज्ञान) पाठ्यक्रम अकादमिक सत्र 2018–19 से आरंभ करने का अनुमोदन | |
| 5 | सत्र 2018–19 से एम.ए. (इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र) पाठ्यक्रम आरंभ करने का अनुमोदन | |
| 6 | साहित्य विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की दिनांक 17.11.2017 को संपन्न बैठक का कार्यवृत्त | 5 |
| 7 | अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की पाँचवीं बैठक का कार्यवृत्त | |
| 8 | मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की छठी बैठक का कार्यवृत्त | |
| 9 | शिक्षा विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की छठी बैठक का कार्यवृत्त | |
| 10 | वर्ष 2018–19 का अकादमिक कैलेण्डर | |
| 11 | स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में सत्र 2018–19 हेतु छात्र संख्या का निर्धारण | 6 |
| 12 | दूर शिक्षा निदेशालय के अध्ययन बोर्ड की आठवीं बैठक का कार्यवृत्त | |

| अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय | | |
|---|---|---|
| 13 | प्रवेश समिति की पहली बैठक का कार्यवृत्त | 6 |
| 14 | अधिष्ठाता, अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ से प्राप्त प्रस्ताव | 7 |
| 15 | विश्वविद्यालय के सभी विभागों तथा कार्यालयों में महात्मा गांधी की तस्वीर लगवाना | |
| 16 | प्रबंधन विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड का कार्यवृत्त | |
| 17 | क्षेत्रीय केंद्र, इलाहाबाद का प्रगति ब्यौरा | 8 |
| 18 | सूचना एवं भाषा अभियांत्रिकी केंद्र के अध्ययन मंडल द्वारा पारित निर्णयों का अनुमोदन | |
| 19 | पी–एच.डी. शोधार्थियों को प्रदत्त अस्थायी उपाधि | |
| 20 | विद्यार्थी प्रतिनिधि से प्राप्त सुझाव | 9 |

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

## ** कार्यवृत्त **

### विद्या–परिषद की 27वीं बैठक

विद्या–परिषद की 27वीं बैठक कुलपति की अध्यक्षता में दिनांक 27.01.2018 (शनिवार) को अपराह्न 02:00 बजे साहित्य विद्यापीठ के संगोष्ठी कक्ष, विश्वविद्यालय परिसर, वर्धा में आयोजित हुई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार थी :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. गिरीश्वर मिश्र | कुलपति एवं अध्यक्ष |
| 2. | प्रो. आनंद वर्धन शर्मा | प्रतिकुलपति<br>अधिष्ठाता, शिक्षा विद्यापीठ<br>अधिष्ठाता, प्रबंधन विद्यापीठ तथा<br>निदेशक, दूर शिक्षा निदेशालय |
| 3. | प्रो. प्रीति सागर | अधिष्ठाता, साहित्य विद्यापीठ |
| 4. | प्रो. देवराज | अधिष्ठाता, अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ |
| 5. | प्रो. मनोज कुमार | अधिष्ठाता, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ तथा<br>अधिष्ठाता, विधि विद्यापीठ |
| 6. | प्रो. (श्रीमती) कुमुद शर्मा | हिंदी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली |
| 7. | प्रो. विजय कुमार कौल | निदेशक, सूचना तथा भाषा अभियांत्रिकी विभाग |
| 8. | प्रो. अनिल कुमार पाण्डेय | अध्यक्ष, भाषाविज्ञान एवं भाषा प्रौद्योगिकी विभाग |
| 9. | प्रो. कृष्ण कुमार सिंह | अध्यक्ष, हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग |
| 10. | डॉ. ओमप्रकाश भारती | अध्यक्ष, प्रदर्शनकारी कला विभाग |
| 11. | प्रो. शंभु गुप्त | अध्यक्ष, स्त्री अध्ययन विभाग |
| 12. | प्रो. नृपेन्द्र प्रसाद मोदी | अध्यक्ष, गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग |
| 13. | प्रो. अनिल कुमार राय | अध्यक्ष, जनसंचार विभाग एवं<br>अधिष्ठाता, विद्यार्थी कल्याण |
| 14. | प्रो. फरहद मलिक | अध्यक्ष, मानवविज्ञान विभाग |
| 15. | डॉ. गोपाल कृष्ण ठाकुर | अध्यक्ष, शिक्षा विभाग एवं कुलानुशासक |
| 16. | डॉ. शिरीष पाल सिंह | अध्यक्ष, मनोविज्ञान विभाग |
| 17. | प्रो. वृषभ प्रसाद जैन | प्रोफेसर, भाषा विद्यापीठ |
| 18. | प्रो. संतोष भदौरिया | प्रोफेसर (दूर शिक्षा निदेशालय) एवं<br>प्रभारी–क्षेत्रीय केंद्र, इलाहाबाद |
| 19. | प्रो. कृपाशंकर चौबे | प्रोफेसर एवं प्रभारी–क्षेत्रीय केंद्र, कोलकाता |
| 20. | प्रो. अवधेश कुमार | प्रोफेसर, हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग |

| | | |
|---|---|---|
| 21. | प्रो. अखिलेश कुमार दुबे | प्रोफेसर, हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग |
| 22. | डॉ. रवीन्द्र टी. बोरकर | क्षेत्रीय निदेशक/एसोशिएट प्रोफेसर, दूर शिक्षा निदेशालय |
| 23. | डॉ. अमित राय | सहायक प्रोफेसर, दूर शिक्षा निदेशालय |
| 24. | डॉ. अमरेन्द्र कुमार शर्मा | सहायक प्रोफेसर, दूर शिक्षा निदेशालय |
| 25. | श्री संदीप कुमार सपकाले | सहायक प्रोफेसर, दूर शिक्षा निदेशालय |
| 26. | डॉ. शैलेश कदम मरजी | सहायक प्रोफेसर, दूर शिक्षा निदेशालय |
| 27. | डॉ. गोविन्द प्रसाद वर्मा | भूतपूर्व विद्यार्थी (सहायक प्रोफेसर, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी, बिहार) |
| 28. | श्री कृष्ण कुमार मिश्र | विद्यार्थी प्रतिनिधि (पी–एच.डी. हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग) |
| 29. | डॉ. शोभा पालीवाल | अकादमिक संयोजक (विशेष आमंत्रित) |
| 30. | डॉ. सुरजीत कुमार सिंह | प्रभारी निदेशकः डॉ. भदंत आनंद कौसल्यायन बौद्ध अध्ययन केंद्र (विशेष आमंत्रित) |
| 31. | डॉ. राजीव रंजन राय | प्रभारी अध्यक्षः प्रवासन एवं डायस्पोरा अध्ययन विभाग (विशेष आमंत्रित) |
| 32. | डॉ. रामप्रकाश यादव | प्रभारी अध्यक्षः अनुवाद अध्ययन विभाग (विशेष आमंत्रित) |
| 33. | सुश्री मैत्रेयी | प्रभारी अध्यक्षः अंग्रेजी विभाग (विशेष आमंत्रित) |
| 34. | श्री लेखराम दन्नाना | प्रभारी अध्यक्षः संस्कृत विभाग (विशेष आमंत्रित) |
| 35. | डॉ. हिमांशु शेखर | प्रभारी अध्यक्षः उर्दू विभाग (विशेष आमंत्रित) |
| 36. | श्री धर्मेन्द्र शंभरकर | प्रभारी अध्यक्षः मराठी विभाग (विशेष आमंत्रित) |
| 37. | श्री क़ादर नवाज़ ख़ान | कार्यकारी कुलसचिव एवं पदेन सचिव |

बैठक का आरंभ विश्वविद्यालय के कुलगीत से हुआ। विश्वविद्यालय परिनियम 14(1)(e) के अंतर्गत प्रो. वृषभ प्रसाद जैन, प्रो. अवधेश कुमार, प्रो. अखिलेश कुमार दुबे, परिनियम 14(1)(f) के अंतर्गत डॉ. अमित राय, डॉ. अमरेन्द्र कुमार शर्मा, श्री संदीप कुमार सपकाले, डॉ. शैलेश कदम मरजी, परिनियम 14(1)(j) के अंतर्गत कुलपति द्वारा विद्या–परिषद में नामित – प्रो. कुमुद शर्मा (हिंदी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली), प्रो. सदानंद गुप्त (उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, लखनऊ) तथा परिनियम 14(1)(k) के अंतर्गत छात्र प्रतिनिधि के रूप में – श्री कृष्ण कुमार मिश्र (पी–एच.डी. हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य) एवं सुश्री सुरभि चेतिया (एम.ए. तृतीय सेमेस्टर, भाषाविज्ञान एवं भाषा प्रौद्योगिकी) की विद्या–परिषद में सदस्यता से अवगत कराया गया तथा सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया।

साथ ही, पूर्व सदस्यों – श्रीमती चित्रा मुद्गल, प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित, डॉ. पीयूष प्रताप सिंह, डॉ. धरवेश कठेरिया, डॉ. अवंतिका शुक्ला, डॉ. शंभू जोशी, सुश्री रेणु सिंह एवं सुश्री स्वेच्छा सिंह की अवधि पूर्ण होने पर उनके द्वारा दिए गए योगदान की सराहना की गई तथा धन्यवाद व्यक्त किया गया।

तदुपरांत कुलसचिव द्वारा सूचित किया गया कि प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल, प्रो. लेला कारूण्यकरा, डॉ. मैत्रेयी घोष, श्री जगदीप सिंह दांगी, प्रो. रीतेश कुमार सिंह, प्रो. गोविन्द प्रसाद शर्मा, प्रो. सदानंद गुप्त, डॉ. माधुरी इखार तथा सुश्री सुरभि चेतिया अपरिहार्य कारणवश बैठक में उपस्थित नहीं हो सके।

इसके बाद अध्यक्ष की अनुमति से बैठक की कार्यवाही आरंभ की गई और विचार–विमर्श के उपरांत निम्नलिखित निर्णय लिए गए :

**मद संख्या –1**

**26वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि**

विद्या–परिषद की दिनांक 29 अप्रैल, 2017 को संपन्न 26वीं बैठक के कार्यवृत्त के संबंध में विद्या–परिषद ने प्रो. प्रीति सागर तथा प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल के पत्र को संज्ञान में लिया।

**मद संख्या –2**

**26वीं बैठक के कार्यवृत्त के अनुसरण में की गई अनुवर्ती कार्रवाई** : अपेक्षित मुद्दों पर कृत कार्रवाई को नोट कर संतोष व्यक्त कर निम्नांकित निर्णय लिए गए :

**1(2.17)** श्री संदीप वर्मा, सहायक प्रोफेसर, जनसंचार विभाग को शोध निदेशक घोषित किए जाने के संबंध में पदेन सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि स्थानीय अधिवक्ता, श्री पी.बी. टावरी से प्राप्त विधिक राय के अनुसार श्री संदीप वर्मा को शोध निदेशक की अर्हता नहीं है। पी–एच.डी. की उपाधि प्राप्त करने के बाद वे पर्यवेक्षण हेतु योग्य माने जाएँगे।

**1(32)** 'अनुवाद अध्ययन' तथा 'प्रवासन एवं डायस्पोरा अध्ययन' पाठ्यक्रमों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को नेट की परीक्षा में एक विषय के तौर पर शामिल करने के लिए तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति योजना संबंधी भेजे गए प्रस्ताव के संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से पुनः पत्राचार हेतु निर्देशित किया गया।

2 दूर शिक्षा निदेशालय के शिक्षकों के पी–एच.डी. निर्देशन संबंधी व्यवस्था सहित एम.फिल. तथा पी–एच.डी. के अध्यादेश (हिंदी एवं अंग्रेजी) में अन्य वांछनीय परिवर्द्धन कर कुलपति के समक्ष रिपोर्ट देने हेतु प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल, संकायाध्यक्ष – भाषा विद्यापीठ की अध्यक्षता में समस्त संकायाध्यक्षों की एक समिति दिनांक 05.05.2017 को गठित की गई थी। नोट किया गया कि उक्त समिति की अनुशंसाएँ प्रतीक्षित हैं।

कई सदस्यों ने इस मुद्दे पर ध्यान आकृष्ट किया और गहन विचार–विमर्श के उपरांत यह निर्णय लिया गया कि दूर शिक्षा निदेशालय के उन नियमित प्राध्यापकों को, जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के एम.फिल/पीएच.डी उपाधि के लिए न्यूनतम (मानक एवं प्रक्रिया) विनियम, 2016 के अनुसार अपेक्षित अर्हता रखते हैं, शोध पर्यवेक्षण की स्वीकृति दी जाए। वे सप्रमाण आवेदन संबंधित विभाग में प्रस्तुत करें और विचारोपरांत विभागीय संस्तुति तथा सक्षम निकाय के अनुमोदनोपरांत उसका नोटिफिकेशन जारी किया जाए।

4 विभिन्न विषयों में स्नातक पाठ्यक्रमों का आरंभ विषय के तहत नोट किया गया कि सत्र 2017–18 से ऑनर्स पाठयक्रम अंतर विभागीय स्तर पर शिक्षकों का सहयोग प्राप्त कर पाँच विषयों (हिंदी, अंग्रेजी, भाषा विज्ञान, पत्रकारिता और मनोविज्ञान) में आरंभ किए गए थे। इनकी सफलता के उपरांत अन्य विषयों में भी ऑनर्स पाठ्यक्रम संचालित करने का निर्णय लिया गया था। तदनुरूप अगले अकादमिक सत्र से अन्य विषयों में भी इन पाठ्यक्रमों को आरंभ करने का प्रयत्न किया जाएगा।

विद्या–परिषद द्वारा उपर्युक्त को संज्ञान में लेते हुए कुलपति को इस हेतु अधिकृत किया गया।

7. भाषा विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की 13वीं बैठक के कार्यवृत्त के बिंदु (iii) के तहत श्री जगदीप सिंह दांगी के प्रकरण के संबंध में नोट किया गया कि विधिक राय आगामी बैठक में प्रस्तुत की जाएगी।

16 इलाहाबाद एवं कोलकाता में स्थापित दो क्षेत्रीय केंद्रों के अकादमिक एवं प्रशासनिक कार्यों को व्यवस्थित रूप से संचालित करने हेतु प्रो. एल. कारूण्यकरा की अध्यक्षता में समस्त संकायाध्यक्षों एवं प्रभारियों की एक समिति संबंधित नियमावली दिनांक 05.05.2017 तैयार करने हेतु समिति गठित की गई थी जिसकी अनुशंसाएँ प्रतीक्षित हैं। विद्या–परिषद ने समिति से एक माह के भीतर अनुशंसाएँ उपलब्ध करने के लिए कहा।

विद्या–परिषद ने यह निर्णय लिया कि किसी भी गठित समिति को अनुशंसाएँ उपलब्ध कराने हेतु अधिकतम 3 माह का समय दिया जाए।

**मद संख्या –3**

**<u>श्री मुन्ना कुमार, पूर्व छात्र एम.फिल. कम्प्यूटेशनल भाषाविज्ञान पाठ्यक्रम के निष्कासन संदर्भित अपील पर विचार</u>**

श्री मुन्ना कुमार का विश्वविद्यालय से निष्कासन संबंधी कार्यालयादेश क्रमांक 19/2017/अधि.का. भा.वि./13/227 दिनांक 31.05.2017 द्वारा अधिष्ठाता–भाषा विद्यापीठ की अनुशंसा, उप–कुलानुशासक की अध्यक्षता में गठित समिति की रिपोर्ट तथा एम.फिल. अध्यादेश के प्रावधानों को पूरा नहीं करने के कारण किया गया था। समस्त तथ्यों के अवलोकन एवं उक्त प्रकरण माननीय बाम्बे हाईकोर्ट की नागपुर खंडपीठ में विचाराधीन होने के परिप्रेक्ष्य में विद्या–परिषद द्वारा इस विषय पर विचार स्थगित रखा गया।

**मद संख्या –4**

**<u>बी.ए.–एम.ए. एकीकृत (मानवविज्ञान) पाठ्यक्रम अकादमिक सत्र 2018–19 से आरंभ करने का अनुमोदन</u>**

विभागाध्यक्ष, मानवविज्ञान विभाग से बी.ए. ऑनर्स (मानवविज्ञान)/बी.ए.–एम.ए. एकीकृत (मानवविज्ञान) पाठ्यक्रम अकादमिक सत्र 2018–19 से प्रारंभ करने के संबंध में प्रस्ताव, तत्संबंधी दिनांक 03.11.2017 को संपन्न अध्ययन मंडल की अनुशंसाओं एवं स्कूल बोर्ड द्वारा दिनांक 24.01.2018 को बिंदु क्रमांक–02 के तहत लिए गए संदर्भित निणय का अवलोकन किया गया। विस्तृत विचार–विमर्श के उपरांत प्रस्तावित पाठ्यक्रम को प्रारंभ करने की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।

**मद संख्या –5**

**<u>सत्र 2018–19 से एम.ए. (इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र) पाठ्यक्रम आरंभ करने का अनुमोदन</u>**

दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा दूर शिक्षा हेतु जारी दिशा–निर्देश 2017 के Part-II 3(1)(iii) के आलोक में सत्र 2018–19 से इतिहास, राजनीति विज्ञान एवं

समाजशास्त्र विषयों में एम.ए. पाठ्यक्रम, जो विश्वविद्यालय के नियमित माध्यम से संचालित नहीं हैं, को संचालित करने का प्रस्ताव दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो को भेजा जाना है। उल्लेखनीय है कि निदेशालय द्वारा संचालित एवं दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो द्वारा पूर्व में स्वीकृत M.Lib.Isc एवं B.Lib.Isc पाठ्यक्रम भी नियमित माध्यम से संचालित नहीं हैं।

इन पाठ्यक्रमों की पाठ्यचर्या को सक्षम निकायों की स्वीकृति की प्रत्याशा में सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई तथा इनका नियमित विभाग आरम्भ कर अगले सत्र से अध्यापन किए जाने का निर्णय लिया गया।

**मद संख्या –6** ➥

**साहित्य विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की बैठक का कार्यवृत्त**

दिनांक 17/11/2017 को संपन्न बैठक का कार्यवृत्त अनुमोदित किया गया तथा सुझाव दिया गया कि सृजनात्मक लेखन में डिप्लोमा/पीजी डिप्लोमा प्रारंभ करने पर अध्ययन मंडल की अगली बैठक में विचार किया जाए।

**मद संख्या –7** ➥

**अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की पाँचवीं बैठक का कार्यवृत्त**

दिनांक 08/11/2017 को संपन्न बैठक का कार्यवृत्त अनुमोदित किया गया।

**मद संख्या –8** ➥

**मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की छठी बैठक का कार्यवृत्त**

दिनांक 24/01/2018 को संपन्न बैठक का कार्यवृत्त अनुमोदित किया गया।

**मद संख्या –9** ➥

**शिक्षा विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की छठी बैठक का कार्यवृत्त**

दिनांक 24/01/2018 को संपन्न बैठक का कार्यवृत्त अनुमोदित किया गया।

**मद संख्या–10** ➥

**वर्ष 2018–19 का अकादमिक कैलेण्डर**

अध्यक्ष, प्रवेश समिति द्वारा प्राप्त सुझावों के आधार पर अकादमिक वर्ष 2018–19 का संशोधित अकादमिक कैलेण्डर का प्रारूप प्रस्तुत किया गया। विस्तृत चर्चा के उपरांत कैलेण्डर को संशोधन के साथ स्वीकृत किया गया। संशोधित कैलेण्डर पृष्ठ–11 पर संलग्न है।

## मद संख्या–11 ☞

**स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में सत्र 2018–19 हेतु छात्र संख्या का निर्धारण**

विभिन्न विभागों से प्राप्त सुझावों पर विचार करते हुए अकादमिक सत्र 2018–19 के लिए एम.ए. की सीटों के निम्नांकित वितरण को अनुमोदित किया गया :

| पाठ्यक्रम का नाम | सीटों की संख्या |
|---|---|
| एम.ए. (प्रदर्शनकारी कला) | 30 |
| एम.ए. (तुलनात्मक साहित्य) | 14 |
| एम.ए. (हिंदी साहित्य) | 30 |
| एम.ए. (गांधी एवं शांति अध्ययन) | 14 |
| एम.ए. (दलित एवं जनजाति अध्ययन केंद्र) | 14 |
| एम.ए. (मानवविज्ञान) | 14 |
| एम.ए. (मनोविज्ञान) | 14 |
| बी.ए. ऑनर्स (मनोविज्ञान) | 14 |
| बी.वॉक (फिल्म निर्माण) | 15 |
| बी.वॉक (अभिनय एवं मंच विन्यास) | 15 |
| बी.एस.डब्ल्यू. | 50 |
| एम.एस.डब्ल्यू. | 40 |

यह भी निर्णय लिया गया कि सत्र 2018–19 में एम.ए. (शिक्षा) में प्रवेश स्थगित रखा जाए तथा समस्त विभागाध्यक्ष उपर्युक्त के अतिरिक्त एम.ए. स्तरीय अन्य पाठ्यक्रमों के संबंध में अपनी विभागीय आवश्यकतानुसार सीटों की संख्या से शीघ्र अवगत कराएंगे जिसपर माननीय कुलपति को अंतिम निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया गया।

## मद संख्या–12 ☞

**दूर शिक्षा निदेशालय के अध्ययन बोर्ड की आठवीं बैठक का कार्यवृत्त**

दिनांक 25/01/2018 को संपन्न बैठक का कार्यवृत्त अनुमोदित किया गया।

**** अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय ****

## मद संख्या–13 ☞

**प्रवेश समिति की पहली बैठक का कार्यवृत्त**

सत्र 2018–19 के लिए गठित प्रवेश समिति की दिनांक 28.12.2017 को संपन्न बैठक का कार्यवृत्त निम्नलिखित संशोधन के साथ अनुमोदित किया गया –

- बिंदु क्रमांक 06 में लिखित परीक्षा 80 अंकों की तथा साक्षात्कार 20 अंकों का किया जाए।

- बिंदु क्रमांक 13 में निम्नानुसार संशोधन किया गया :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विभागाध्यक्ष / केंद्र निदेशक / क्षेत्रीय केंद्र प्रभारी | – | अध्यक्ष |
| 2. | संबंधित शोध निर्देशक | – | सदस्य |
| 3. | एससी / एसटी प्रतिनिधि | – | पर्यवेक्षक |
| 4. | महिला प्रतिनिधि | – | पर्यवेक्षक |
| 5. | कुलपति द्वारा नामित विषय विशेषज्ञ | – | सदस्य |

  - एससी / एसटी प्रतिनिधि तथा महिला प्रतिनिधि द्वारा अंक नहीं दिया जाएगा। आवश्यकतानुसार विषय विशेषज्ञ बढ़ाए जा सकते हैं। उक्त समिति की बैठक के लिए गणपूर्ति (Quoram) 04 सदस्यों की होगी जिसमें विषय विशेषज्ञ / एससी एवं एसटी प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य होगी।
  - उपर्युक्त समिति के बिंदु–5 के अनुसरण में क्षेत्रीय केंद्रों तथा वे विभाग / केंद्र जहाँ वे स्वयं बिंदु बिंदु क्रमांक–1 और 2 का प्रतिनिधित्व करते हों, ऐसे विभाग / केंद्र के लिए दो बाह्य विशेषज्ञ नामित करने का निर्णय लिया गया।

- प्रश्न पत्र तैयार करने हेतु पाँच विषय–विशेषज्ञों का पैनल सभी विभागाध्यक्षों / केंद्राध्यक्षों द्वारा माननीय कुलपति को प्रस्तुत किया जाएगा।

**मद संख्या–14** ➺

**अधिष्ठाता, अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ से प्राप्त प्रस्ताव**

प्रो. देवराज, अधिष्ठाता, अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ से प्राप्त दिनांक 25.01.2018 के पत्र एवं तत्संबंधी प्रस्ताव को संज्ञान में लिया गया और यथोचित प्रशासनिक कार्रवाई करने की अनुशंसा की गई।

**मद संख्या–15** ➺

**विश्वविद्यालय के सभी विभागों तथा कार्यालयों में महात्मा गांधी की तस्वीर लगवाना**

अध्यक्ष, गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग से दिनांक 24.01.2018 को उपर्युक्त विषयक प्रस्ताव स्वीकार किया गया तथा व्यवस्था हेतु निम्नांकित की समिति बनाई गई :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो. मनोज कुमार | : | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो. नृपेंद्र प्रसाद मोदी | : | सदस्य |
| 3. | श्री संदीप सपकाले | : | सदस्य सचिव |

**मद संख्या–16** ➺

**प्रबंधन विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड का कार्यवृत्त**

प्रबंधन विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की दिनांक 25.01.2018 को हुई बैठक का कार्यवृत्त अनुमोदित किया गया।

**मद संख्या–17** ↳

## क्षेत्रीय केंद्र, इलाहाबाद का प्रगति ब्यौरा

विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र, इलाहाबाद का प्रभारी द्वारा प्रस्तुत प्रगति ब्यौरा समिति द्वारा संज्ञान में लिया गया।

**मद संख्या–18** ↳

## सूचना एवं भाषा अभियांत्रिकी केंद्र के अध्ययन मंडल द्वारा पारित निर्णयों का अनुमोदन

प्रो. विजय कुमार कौल, निदेशक – सूचना एवं भाषा अभियांत्रिकी केंद्र द्वारा माननीय कुलपति को दिनांक 25.01.2018 को उपर्युक्त विषयक प्रेषित पत्र का संदर्भ देते हुए अध्ययन मंडल द्वारा पारित निर्णयों को अध्यक्ष की अनुमति से प्रस्तुत किया गया। स्कूल बोर्ड के माध्यम से न आने को संज्ञान में लेते हुए इसे सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।

यह भी निर्णय लिया गया कि विभागीय प्रस्ताव संबंधित स्कूल बोर्ड के माध्यम से ही विद्या–परिषद के समक्ष प्रस्तुत किए जाएं। अधिष्ठातागण का यह दायित्व होगा कि समय पर स्कूल बोर्ड की बैठक अनिवार्यतः संपन्न करें।

**मद संख्या–19** ↳

## पी–एच.डी. शोधार्थियों को प्रदत्त अस्थायी उपाधि

जिन शोधार्थियों को सफल खुली मौखिकी परीक्षा के उपरांत निर्धारित आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर पी–एच.डी. उपाधि प्रदान करने की अधिसूचना जारी की गई तथा तदनन्तर अस्थायी प्रमाणपत्र जारी किए गए, उनके निम्नांकित विवरण को नोट कर स्वीकृति प्रदान की गई तथा यह भी निर्णय लिया गया कि इसी भांति एम.फिल. के शोधार्थियों की भी सूची जारी की जाए :

| जनसंचार विभाग | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र.** | **शोधार्थी का नाम** | **शोध प्रबंध का विषय** | **मौखिकी तिथि** | **अधिसूचना की तिथि** |
| 1 | रामशंकर | वैकल्पिक मीडिया और भारतीय व्यवस्था परिवर्तन (उत्तर प्रदेश के बांदा जिले की सामाजिक एवं राजनैतिक व्यवस्था के संदर्भ में) | 03/07/2017 | 07/07/2017 |
| 2 | सुनील दीपक घोडके | विदर्भ का समाज, राजनीति और प्रिंट मीडिया हस्तक्षेप (विशेष संदर्भ: 2002 से 2012 तक की महत्वपूर्ण घटनाएं) | 03/07/2017 | 07/07/2017 |
| 3 | अंकिता मिश्रा | बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने में विज्ञान संचार की भूमिका | 20/12/2017 | 05/01/2018 |
| 4 | अनुपमा कुमारी | क्षेत्रीय पत्रकारिता बनाम राष्ट्रीय पत्रकारिता: मिथक, यथार्थ, चुनौतियां और संभावनाएं (विशेष संदर्भ: प्रभात खबर) | 18/08/2017 | 24/08/2017 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5 | धीरेन्द्र कुमार राय | किसान आंदोलन और हिंदी पत्रकारिता (क्षेत्र परिधि: उत्तर प्रदेश और बिहार, समयावधि- 1917-47) | 27/11/2017 | 30/11/2017 |
| 6 | मु. अफसर अली राईनी | उर्दू चैनलों पर प्रसारित समसामयिक मुद्दे और उसका दर्शकों के दृष्टिकोण पर प्रभाव (विशेष संदर्भ : ई-टीवी उर्दू और डीडी उर्दू) | 27/11/2017 | 30/11/2017 |

## गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग

| क्र. | शोधार्थी का नाम | शोध प्रबंध का विषय | मौखिकी तिथि | अधिसूचना की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बृजेन्द्र कुमार गौतम | धर्मान्तरण एवं दलित-मुक्ति (संदर्भ: उत्तर प्रदेश के दलित समुदायों का समाजशास्त्रीय अध्ययन) | 06/03/2017 | 14/03/2017 |
| 2 | पंकज कुमार सिंह | खादी का अर्थशास्त्र: एक अध्ययन | 03/07/2017 | 06/07/2017 |
| 3 | भारती देवी | वैकल्पिक विकास की गांधीवादी अवधारणा (विशेष संदर्भ- लोहिया, जयप्रकाश नारायण के विचारों का तुलनात्मक अध्ययन) | 04/04/2017 | 07/04/2017 |

## भाषा विज्ञान एवं भाषा प्रौद्योगिकी विभाग

| क्र. | शोधार्थी का नाम | शोध प्रबंध का विषय | मौखिकी तिथि | अधिसूचना की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रवीण कुमार पाण्डेय | हिंदी में क्रियेतर पदबंध संरचनाओं में क्रिया प्रयोग (प्राकृतिक भाषा संसाधन के विशेष संदर्भ में) | 07/03/2017 | 14/03/2017 |
| 2 | बृजेश कुमार यादव | हिंदी नाम-पद विसंदिग्धीकरण (व्यक्तिवाचक एवं जातिवाचक संज्ञा के विशेष संदर्भ में) | 20/11/2017 | 04/12/2017 |
| 3 | नितीन कुमार जानबाजी रामटेके | मराठी संज्ञाओं का संदर्भ आधारित विसंदिग्धीकरण | 16/09/2017 | 20/09/2017 |
| 4 | मधुप्रिया | हिंदी वाक्य-संरचना का विसंदिग्धीकरण (प्राकृतिक भाषा संसाधन के विशेष संदर्भ में) | 22/08/2017 | 24/08/2017 |
| 5 | आर.जी. संगीत रत्नायके | सिंहली तथा हिंदी के क्रिया पदबंधों का व्यतिरेकी विश्लेषण | 26/07/2017 | 27/07/2017 |

## स्त्री अध्ययन विभाग

| क्र. | शोधार्थी का नाम | शोध प्रबंध का विषय | मौखिकी तिथि | अधिसूचना की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रशांत गौतमराव गोडघाटे | दलित समुदाय पर आर्थिक उदारीकरण का प्रभाव (विशेष संदर्भ - वर्धा जिला) | 30/06/2017 | 31/07/2017 |

## डॉ.बा.सा.अं.सि.का.मु. दलित एवं जनजातीय अध्ययन केंद्र

| क्र. | शोधार्थी का नाम | शोध प्रबंध का विषय | मौखिकी तिथि | अधिसूचना की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चैतान सोरेन | झारखण्ड की आदिवासी महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक अधिकार का पुनरावलोकन | 07/12/2017 | 18/12/2017 |

**मद संख्या–20**

## विद्यार्थी प्रतिनिधि से प्राप्त सुझाव

श्री कृष्ण कुमार मिश्र, विद्यार्थी प्रतिनिधि ने छात्रों एवं शोधार्थियों की आवश्यकताओं से संबंधित कुछ सुझाव दिए। अध्यक्ष द्वारा इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

पदेन सचिव द्वारा माननीय अध्यक्ष एवं सदस्यों के प्रति कृतज्ञता–ज्ञापन के साथ बैठक संपन्न हुई।

क़ादर नवाज़

**(क़ादर नवाज़ ख़ान)**
कार्यकारी कुलसचिव एवं
पदेन सचिवः विद्या–परिषद
म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## अकादमिक कैलेंडर 2018-19

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | समस्त पाठ्यक्रमों हेतु **आवेदन** करने तथा आवेदन प्राप्ति की तिथि | | |
| | प्रमाणपत्र/डिप्लोमा/बी.ए./बी-वॉक | : | 15 फरवरी - 15 जून, 2018 |
| | एम.ए. | : | 15 फरवरी - 15 अप्रैल, 2018 |
| 2. | पी-एच.डी./एम.फिल./एम.एड./एम.बी.ए./बी-एड/बी-एड.-एम.एड. (एकीकृत) पाठ्यक्रमों हेतु **लिखित परीक्षा** | : | 12 से 14 मई, 2018 |
| 3. | पी-एच.डी./एम.फिल./एम.एड./एम.बी.ए./बी-एड/बी-एड.-एम.एड. (एकीकृत) पाठ्यक्रमों की **लिखित परीक्षा के परिणाम की घोषणा** | : | 04 जून, 2018 |
| 4. | बी.ए./ बी.एस.डब्ल्यू/ बी.वोक/पी.जी. डिप्लोमा/ एडवांस्ड डिप्लोमा/ डिप्लोमा/ सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में **प्रवेश हेतु चयनित विद्यार्थियों की सूची** का प्रकाशन | : | 29 जून, 2018 |
| 5. | एम.एड./एम.बी.ए./बी-एड/बी-एड.-एम.एड. (एकीकृत)/ बी.ए./ बी.एस. डब्ल्यू/ बी.वोक/पी.जी. डिप्लोमा/ एडवांस्ड डिप्लोमा/ डिप्लोमा/ सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में **प्रवेश की तिथि** | : | 05-30 जून, 2018 |
| 6. | पी-एच.डी./एम.फिल. पाठ्यक्रमों के लिए **साक्षात्कार की तिथि** | : | 20 से 25 जून, 2018 |
| 7. | एम.ए./एम.एस.डब्ल्यू. पाठ्यक्रम हेतु **लिखित परीक्षा की तिथि** | : | 18 से 21 जून, 2018 |
| 8. | पी-एच.डी./एम.फिल./एम.ए./एम.एस.डब्ल्यू. पाठ्यक्रमों में **प्रवेश हेतु चयनित विद्यार्थियों की सूची** का प्रकाशन | : | 27 जून, 2018 |
| 9. | पी-एच.डी./एम.फिल./एम.ए./एम.एस.डब्ल्यू. पाठ्यक्रमों में **प्रवेश की तिथि** | : | 27 जून - 02 जुलाई, 2018 |
| 10. | शैक्षणिक सत्र (प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर) : शिक्षण-अवधि | : | 03 जुलाई- 19 नवंबर, 2018 |
| 11. | सेमेस्टर अंतराल | : | 19 दिसंबर 2018 से 1 जनवरी, 2019 |
| 12. | शैक्षणिक सत्र (द्वितीय एवं चौथा सेमेस्टर) : शिक्षण-अवधि | : | 02 जनवरी से 19 अप्रैल, 2019 |
| 13. | ग्रीष्मावकाश | : | 14 मई - 14 जून, 2018 |
| 14. | स्थापना दिवस | : | 08 जनवरी, (प्रति वर्ष) |
| 15. | दीक्षांत समारोह | : | 09 जनवरी (प्रति वर्ष) |
| 16. | टर्मपेपर/सेमिनार जमा करने की अंतिम तिथि (प्रथम/तृतीय सेमेस्टर) | : | 10 नवंबर, 2018 |
| 17. | सत्रांत परीक्षा (प्रथम/तृतीय सेमेस्टर) | : | 20 नवंबर - 18 दिसंबर, 2018 |
| 18. | टर्मपेपर/सेमिनार जमा करने की अंतिम तिथि (द्वितीय/चतुर्थ सेमेस्टर) | : | 10 अप्रैल, 2019 |
| 19. | सत्रांत परीक्षा (द्वितीय/चतुर्थ सेमेस्टर) | : | 20 अप्रैल- 15 मई, 2019 |
| 20. | सत्र 2018-19 की प्रवेश सूचना जारी होने की संभावित तिथि | : | 15 फरवरी, 2019 |
| 21. | अध्ययन मंडल की बैठक | : | पहली बैठक : 01 से 28 फरवरी के मध्य<br>दूसरी बैठक : 01 से 31 अगस्त के मध्य |
| 22. | स्कूल बोर्ड की बैठक | : | पहली बैठक : 01 से 31 मार्च के मध्य<br>दूसरी बैठक : 01 से 30 सितम्बर के मध्य |
| 23. | विद्या-परिषद की बैठक | : | पहली बैठक : 01 से 30 अप्रैल के मध्य<br>दूसरी बैठक : 01 से 31 अक्टूबर के मध्य |